BUSH FIRE SAFETY

NSW RURAL FIRE SERVICE

06

# बुशफायर चेतावनियाँ

## सूचित रहें, सुरक्षित रहें

जहाँ बुशफायर का खतरा रहता है, वहाँ 'NSW Rural Fire Service' रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट के माध्यम से 'Bush Fire Alerts' (बुशफायर चेतावनियों) का उपयोग करके प्रभावित समुदायों के लिए जानकारी प्रदान करती है। आपको अपनी सुरक्षा के लिए सही विकल्प चुनने में मदद देने के लिए 'Bush Fire Alert' (बुशफायर चेतावनी) के तीन स्तर हैं।

### ADVICE
(सलाह)

आग शुरू हो गई है।
तत्काल कोई खतरा नहीं है।
मामले की स्थिति में परिवर्तन के लिए अद्यतन रहें।

### WATCH AND ACT
(देखें और कार्रवाई करें)

खतरे का बढ़ा हुआ स्तर है।
परिस्थितियां बदल रही हैं और आपको अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अब कार्रवाई शुरू कर देने की ज़रूरत है।

### EMERGENCY WARNING
(आपातकालीन चेतावनी)

एक 'Emergency Warning' 'Bush Fire Alerts' का उच्चतम स्तर है। आप खतरे में हो सकते/सकती हैं और आपको तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता हो सकती है। अब किसी भी देरी से आपके जीवन को खतरा हो सकता है।

**आपको एक बुशफायर के दौरान जानकारी कहाँ से मिल सकती है?**

- ☐ 'Bush Fire Information Line' 1800 679 737
- ☐ 'NSW Rural Fire Service' वेबसाइट www.rfs.nsw.gov.au
- ☐ www.facebook.com/nswrfs www.twitter.com/nswrfs
- ☐ स्थानीय रेडियो, टीवी, समाचार-पत्र

**यह याद रखें**

आग अचानक खतरा पैदा कर सकती है। आपात स्थिति की जानकारी के लिए एक ही स्रोत पर भरोसा न करें, और कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें।

एक **EMERGENCY WARNING**

**'Bush Fire Alert' का उच्चतम स्तर होती है।**

चेतावनी आग की गंभीरता, उसके स्थान और आपको क्या करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी देगी। 'Bush Fire Alerts' हमेशा ऊपर के क्रम में नहीं दिए जाते हैं। आग पहले 'Watch and Act' या 'Emergency Warning' के स्तर पर हो सकती है। कुछ आगें इतनी जल्दी शुरू होती और फैलती हैं कि किसी भी चेतावनी के लिए समय नहीं रहता है। आपको बहुत कम या किसी भी चेतावनी के बिना अपने 'Bush Fire Survival Plan' (बुशफायर जीवन-रक्षा योजना) को क्रियान्वित करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अपने 'Bush Fire Survival Plan' में जहाँ उचित हो, जल्दी छोड़कर निकलने या पीछे रहकर सुरक्षा करने जैसे 'Bush Fire Alerts' की प्रतिक्रियाओं के रूप में शामिल करें।

Interpreter 131450

PREPARE. ACT. SURVIVE. | BUSH FIRE INFORMATION LINE | 1800 679 737

© State of New South Wales through the NSW RURAL FIRE SERVICE 2013. E1